कार्यवृत्त

मंगलवार, 19 मार्गशीर्ष, शक संवत्, 1940
(दिनांक : 04 दिसम्बर, 2018)

खण्ड–52
अंक–1

विधान सभा का कार्य सभा मण्डप, देहरादून में दिन के 11:00 बजे श्री अध्यक्ष की अध्यक्षता में राष्ट्रीय गीत ''वन्दे मातरम'' के साथ आरम्भ हुआ।

संसदीय कार्य मंत्री ने प्रस्ताव किया कि जनभावनाओं का आदर करते हुए प्रदेश के सपूत, उत्कृष्ट संसदविद्, ज्ञान एवं अनुभव के धनी विकास पुरूष स्व0 श्री नारायण दत्त तिवारी, पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड को श्रद्वांजलि देने के निमित्त उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम–315 में वर्णित सदन के कार्य की सापेक्ष अग्रेता में शिथिलता प्रदान करते हुए आज के उपवेशन का प्रश्नकाल निलम्बित रखते हुए कार्यसूची की मद संख्या 3 एवं 4 को छोड़कर अन्य सभी मदें स्थगित कर कल के उपवेशन के लिये रख ली जाय।

प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ।

नेता सदन, संसदीय कार्य मंत्री तथा नेता प्रतिपक्ष ने स्व0 श्री नारायण दत्त तिवारी, पूर्व मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड एवं उत्तर प्रदेश तथा पूर्व मंत्री, भारत सरकार के निधन पर शोकोद्गार व्यक्त किये।

निम्नलिखित मा0 सदस्यों ने भी शोकोद्गार व्यक्त किये :–

1. श्री यशपाल आर्य, मा0 परिवहन मंत्री
2. श्री राम सिंह कैड़ा
3. श्री भरत सिंह चौधरी
4. श्री सुबोध उनियाल, मा0 कृषि मंत्री
5. श्री अरविन्द पाण्डे, मा0 शिक्षा मंत्री

12 बजकर 20 मिनट पर वित्त मंत्री ने वित्तीय वर्ष 2018–2019 की प्रथम अनुपूरक अनुदान की मांगे प्रस्तुत की।

6. श्री मदन कौशिक, मा0 शहरी विकास मंत्री ने शोकोद्गार व्यक्त किये।

निम्नलिखित मा0 सदस्यों ने भी शोकोद्गार व्यक्त किये :–

7. श्री हरक सिंह रावत, मा0 वन मंत्री

12 बजकर 30 मिनट पर श्री उपाध्यक्ष पीठासीन हुए।

8. श्री देशराज कर्णवाल
9. श्री मुन्ना सिंह चौहान
10. श्री पुष्कर सिंह धामी
11. श्री प्रीतम सिंह
12. श्री बंशीधर भगत

सदन की कार्यवाही 01 बजकर 52 मिनट पर भोजनावकाश के लिये 03:00 बजे तक के लिये स्थगित हुई।

सदन की कार्यवाही 03:00 बजे श्री उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में पुनः आरम्भ हुई।

निम्नलिखित मा0 सदस्यों ने भी शोकोद्‌गार व्यक्त किये :–

13. श्री प्रीतम सिंह पंवार,
14. कुँवर प्रणव सिंह ''चैम्पियन'',
15. श्री गणेश जोशी

03 बजकर 30 मिनट पर श्री अध्यक्ष पीठासीन हुए।

16. श्री खजान दास
17. श्रीमती ममता राकेश
18. श्री जार्ज आइवान ग्रेगरी मैन तथा
19. श्री मनोज रावत ।

श्री अध्यक्ष ने भी सदन की संवेदनाओं से अपने को सम्बद्ध करते हुए शोकोद्‌गार व्यक्त किये और सूचित किया कि सदन में व्यक्त की गई शोक संवेदनाओं को वे उनके परिजनों तक पहुँचा देंगे।

तत्पश्चात सभी मा0 सदस्य दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिये दो मिनट मौन खड़े हुए।

04 बजकर 07 मिनट पर सदन की कार्यवाही अगले दिन के 11:00 बजे तक के लिये स्थगित हुई।

जगदीश चन्द्र
सचिव,
विधान सभा।

स्वीकृत,

प्रेमचन्द अग्रवाल
अध्यक्ष,
विधान सभा।